Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 05 अक्तूबर , 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-05-october-2020

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस रेज़-2020

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सामाजिक सशक्तीकरण के लिये उत्तरदायी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थात् रेज़ शिखर बैठक- 2020 का उद्घाटन करेंगे। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा नीति आयोग इस वर्चुअल शिखर बैठक का आयोजन कर रहे हैं। यह सम्मेलन 9 अक्तूबर तक चलेगा। बैठक में महामारी से निपटने की तैयारियों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का समान लाभ उपलब्ध कराना, नवाचारों के डिजिटीकरण को प्रोत्साहन, सफल नवाचार के लिये समावेशी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और भागीदारी जैसे विषयों पर विचार विमर्श होगा। **'सबका साथ सबका विकास'** के लक्षय के साथ प्रधानमंत्री मोदी की योजना समावेशी विकास में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का लाभ उठाने की है, जो सबके लिये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की देश की कार्यनीति का प्रतीक है। प्रधानमंत्री की परिकल्पना के अनुसार, भारत जल्दी ही विश्व स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षेत्र में न केवल प्रमुख देश के रूप में उभरेगा बल्कि ऐसे मॉडल के रूप में भी तैयार होगा जो दुनिया को बता सके कि सामाजिक सशक्तीकरण के लिये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग पूरी ज़िम्मेदारी के साथ कैसे किया जाये।

विश्व शिक्षक दिवस

विश्वभर में 05 अक्टूबर को **विश्व शिक्षक दिवस (World Teachers Day)** मनाया जाता है। इसे अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस (International Teachers Day) के रूप में भी जाना जाता है। यह दिवस दुनिया में शिक्षकों की स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। **यूनेस्को** और **अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन** के बीच वर्ष 1966 में हुई बैठक में इसका निर्णय लिया गया था। विश्व शिक्षक दिवस न केवल शिक्षकों के लिये बल्कि छात्रों के लिये भी एक विशेष दिन है। इस दिन, शिक्षकों और सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनके विशेष योगदान के लिये सम्मानित किया जाता है। प्रत्येक वर्ष यूनिसेफ, यूएनडीपी, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन और यूनेस्को द्वारा एक साथ मिलकर विश्व शिक्षक दिवस के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। विश्व शिक्षक दिवस 2020 की थीम **'टीचर्स: लीडिंग इन क्राइसिस, रीइमेजनिंग द फ्यूचर'** है।

उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. अध्ययन सामग्री
सामान्य अध्ययन + सीसैट (प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा)
43 बुकलेट्स
Click Here

रिलायंस ने विकसित की RT-PCR किट

रिलायंस लाइफ साइंसेज ने ऐसी **RT-PCR किट** विकसित की है, जो करीब दो घंटे में कोविड-19 की जांच का परिणाम दे देती है। मौजूदा समय में RT-PCR से कोविड-19 की जांच के परिणाम में लगभग 24 घंटे का समय लग जाता है। इसमें प्रयोगशाला में वास्तविक समय में कोरोना में मौजूद न्यूक्लिक अम्ल की पहचान की जाती है। रिलायंस लाइफ साइंसेज, मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सब्सिडियरी है। वैज्ञानिकों ने भारत में कोरोना वायरस से 100 से अधिक जीनोम अनुक्रम का विश्लेषण करने के बाद यह RT-PCR किट तैयार की है। कोरोना संक्रमण की जांच के लिये RT-PCR किट को सबसे सही माना जा रहा है। रिलायंस लाइफ साइंसेज के वैज्ञानिकों ने इसे **आर-ग्रीन किट** नाम दिया है। संतोषजनक प्रदर्शन के लिये भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) से इसे तकनीकी मान्यता मिल गई है। ICMR की जांच के अनुसार, यह 98.7 प्रतिशत संवेदनशीलता और 98.8 प्रतिशत विशेषज्ञता को दिखाती है।

जीएसटी परिषद की 42वीं बैठक

जीएसटी परिषद की 42वीं बैठक 5 अक्तूबर 2020 को नई दिल्ली में आयोजित की गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये बैठक की अध्यक्षता कर रही हैं। वित्त राज्यमंत्री अनुराग ठाकुर और राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के वित्त मंत्री भी इसमें भाग ले रहे हैं । जीएसटी परिषद की पिछली बैठक में केंद्र ने राज्यों को मौजूदा वित्त वर्ष में जीएसटी राजस्व घाटे की भरपाई के लिये दो उधारी विकल्प दिये थे। इनके अनुरूप राज्य या तो रिजर्व बैंक से विशेष व्यवस्था के तहत 97 हजार करोड़ रुपए का ऋण ले सकते हैं या बाजार से दो लाख 35 हजार करोड़ रुपए उधार ले सकते हैं। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि 21 राज्यों ने जीएसटी राजस्व घाटे की भरपाई के लिये रिजर्व बैंक से 97 हजार करोड़ रुपए उधार लेने का विकल्प चुना है।